आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 15 अंक 351● कटनी ● शनिवार, 29 जनवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ कृष्ण पक्ष-12 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

## सुशांत सिंह राजपूत केस में ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**मुंबई।** अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने शुक्रवार को एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया। 31 साल का साहिल शाह उर्फ फ्लैको पिछले कुछ माह से फरार चल रहा था। अधिकारियों ने बताया, सुशांत सिंह राजपूत के पड़ोसी रहे फ्लैको को दुबई से लौटते ही पकड़ लिया गया। राजपूत की मौत से संबंधित ड्रग मामले में एक आरोपी की जांच के दौरान उसका नाम सामने आया था।

# कोरोना से मौतों में फिर इजाफा



## 24 घंटे में आए 2.35 लाख मामले

## एक्टिव केस अभी भी 20 लाख

**नई दिल्ली। देश में कोरोना महामारी का संकट थमने का नाम नहीं ले रहा। शनिवार को मृतकों की संख्या में भारी इजाफा ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी शनिवार (29 जनवरी) के आंकड़े के अनुसार देश में बीते 24 घंटे में 2 लाख 35 हजार 532 (2,35,532) नए मामले सामने आए हैं।**

वहीं बीते 24 घंटे में 871 लोगों की कोरोना से मौत हुई है जो कि चिंताजनक है। हालांकि राहत की बात यह है कि देश में अब सक्रिय मरीजों की संख्या में कमी आने लगी है और स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़े के अनुसार देश में अब 20.04 लाख सक्रिय मामले (20,04,333) बचे हैं। वहीं स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या आज 3.35 लाख हो गई। रोजाना संक्रमण दर घटकर 13.39 फीसदी हो गई है।

### बूस्टर खुराक के लिए नेजल टीके के परीक्षण की मंजूरी


देश में जल्द बूस्टर खुराक के लिए नाक से दिए जाने वाले टीके (नैजल वैक्सीन) का तीसरा परीक्षण शुरू होगा। सरकार ने भारत बायोटेक को इसकी अनुमति दे दी।

### महाराष्ट्र में 103 मौत तीन माह में सर्वाधिक

उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा, असम, पंजाब, छत्तीसगढ़, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, गोवा, हरियाणा, झारखंड, बिहार, दिल्ली, पश्चिम बंगाल समेत 16 राज्यों में में सक्रिय मरीजों की वृद्धि दर में कमी दर्ज की जा रही है। महाराष्ट्र में एक दिन में 103 मरीजों की मौत हुई है, जो कि अक्तूबर के बाद सबसे ज्यादा है।

### रतलाम में 5 लोगों में मिला ओमिक्रॉन का नया स्ट्रेन, 1 मौत भी

भोपाल। रतलाम में ओमिक्रॉन के नए वैरिएंट से संक्रमित मरीज मिले हैं। जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए दिल्ली भेजे गए 9 सैंपल में से 5 सैंपल में ओमिक्रॉन वैरिएंट क्ष1 मिला है। इन 5 मरीजों में से 2 विदेश से लौटे लोग हैं। 3 अन्य लोगों की भी ट्रैवल हिस्ट्री सामने आई है। 80 साल की एक महिला की मौत भी रिपोर्ट हुई है। 120 नए पॉजिटिव मिले हैं। इनमें 4 साल के दो बच्चे और 9 साल का एक बच्चा है। कोरोना संक्रमण के सात हजार से अधिक नए मामले सामने आए। इसके साथ ही इस बीमारी से पांच मरीजों की मौत हो गयी। वहीं प्रदेश में कुल सक्रिय मरीजों की संख्या 67,945 तक पहुंच गयी है।



## यूपी में अब पीएममोदी संभालेंगे भाजपा की कमान

### 31 जनवरी को पहली वर्चुअल रैली

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 जनवरी को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी भाजपा के लिए अपनी पहली आभासी राजनीतिक रैली को संबोधित करेंगे। इस दौरान पहले चरण में मतदान वाले जिलों को फोकस किया जाएगा। चुनाव आयोग ने कोविड -19 के बढ़ते मामलों के कारण 31 जनवरी तक रैलियों और रोड शो पर प्रतिबंध

# वैज्ञानिकों ने खोजा एयर वैद्य कोरोना से बचाएगा

### धूप चिकित्सा पद्धति पर भारत में हुआ पहला अध्ययन

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस से बचाव में धूप अहम भूमिका निभाएगी। आयुर्वेद में वर्षों से चली आ रही धूप चिकित्सा पद्धति पर भारत में हुए दुनिया के पहले वैज्ञानिक अध्ययन के बाद वैज्ञानिकों ने यह दावा किया है। वैज्ञानिकों ने एयर वैद्य की खोज की है जो संक्रमण से बचाव के अलावा उसे प्रसारित होने भी नहीं देता।एयर वैद्य एक धूप है जिसकी सुगंध के जरिये 19 तरह की जड़ी बूटियों का सेवन दिन में दो बार कर कोरोना संक्रमण से बचा जा सकता है। इतना ही नहीं एक पारदर्शी केबिन में बंद मक्खियों पर भी इसका परीक्षण हुआ है जिसमें किसी भी तरह के हानिकारक तत्व की पहचान नहीं हुई है। यानी इंसानों के लिए एयर वैद्य को पूरी तरह से सुरक्षित पाया गया है। इस अध्ययन को बनारस हिंदू विवि (बीएचयू) और एमिल फार्मास्युटिकल्स ने मिलकर किया है। नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की क्लीनिकल रजिस्ट्री ऑफ इंडिया में भी पंजीयन के बाद यह अध्ययन दो समूह में किया गया। बीएचयू के वरिष्ठ डॉ. केआरसी रेड्डी ने बताया कि 19 जड़ी-बूटियों से खोजा गया एयर वैद्य एक हर्बल धूप (एवीएचडी) के रुप में है। हाल ही में इस पर दूसरे चरण का क्लीनिकल ट्रायल पूरा हुआ है। दो अलग अलग समूह में हुए इस अध्ययन में पता चला है कि दिन में दो बार इसके इस्तेमाल करने पर कोरोना संक्रमण से बचाव किया जा सकता है।



## केंद्र ने कहा-मैरिटल रेप को लेकर पश्चिम देशों का न किया जाए अनुसरण

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट में कहा कि बलात्कार को साबित करने के लिए कई तरह के साक्ष्य प्रस्तुत किए जा सकते हैं। जैसे-जबरन शरीर के निजी अंगों को छूना, चोट के निशान वगैरह, लेकिन वैवाहिक बलात्कार में साक्ष्यों को प्रस्तुत करना मुश्किल होगा। मैरिटल रेप से जुड़ी एक याचिका का विरोध करते हुए केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट में कहा कि भारत को इस मामले में सावधानी से आगे बढ़ने की जरूरत है। हमें आंख बंद करके इस मामले में पश्चिमी देशों का अनुसरण नहीं करना चाहिए। वहां पर मैरिटल रेप को अपराध की श्रेणी में रखा गया है, लेकिन भारत की अपनी समस्याएं हैं। केंद्र सरकार ने कहा कि भारत में साक्षरता, आर्थिक कमजोरी, महिला सशक्तिकरण की कमी, गरीबी जैसे इसके कई कारण हैं। इसलिए भारत को इस मामले में बहुत ही सावधानी से आगे बढ़ना चाहिए।

अपने लिखित जवाब में केंद्र सरकार ने कहा कि वैवाहिक बलात्कार को किसी भी कानून के अंतर्गत परिभाषित नहीं किया गया है। जबकि बलात्कार को आईपीसी की धारा 375 के तहत परिभाषित किया गया है। केंद्र ने कहा कि इसे अपराध घोषित करने के लिए व्यापक आधार की आवश्यकता होगी। इसकी समाज में आम सहमति होनी चाहिए। वैवाहिक बलात्कार क्या होता है यह बताने की आवश्यकता है।



**यह भारत है और हमारी अपनी समस्याएं हैं**

## सुपर मार्केट में शराब बिक्री पर सियासी घमासान

### BJP ने किया विरोध, तो संजय राउत ने दिया यह जवाब

**मुंबई।** महाराष्ट्र की सियासी गलियारों में एक नए विवाद ने जन्म ले लिया है। यह विवाद सुपर मार्केट में शराब की बिक्री को लेकर है। दरअसल, महाराष्ट्र सरकार ने फैसला किया है कि अब किराने की दुकानों और सुपर मार्केट में भी शराब बिक्री की अनुमति दी जाएगी। इस फैसले के बाद से यहां सियासी घमासान छिड़ गया है। बीजेपी के विरोध दर्ज करने के बाद शिवसेना नेता और सांसद संजय राउत ने पलटवार किया है समाचार एजेंसी ' के मुताबिक संजय राउत ने कहा कि फडनवीस सरकार ने ऑनलाइन शराब की होम डिलीवरी देने की नीति बनाने की योजना बनाई, तो वो क्या था? आगे उन्होंने कहा कि बीजेपी सांसद साध्वी प्रज्ञा ने कहा कि शराब एक दवा है और इसे कम मात्रा में पिएं।



## रिपोर्ट में दावा :भारत ने इस्राइल से 2017 में खरीदा था पेगासस

**वॉशिंगटन/नई दिल्ली।** भारत सरकार ने 2017 में इस्राइल का जासूसी सॉफ्टवेयर पेगासस खरीदा था। यह खुलासा हुआ है अमेरिकी अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में। इसमें कहा गया है कि मोदी सरकार ने पांच साल पहले दो अरब डॉलर (करीब 15 हजार करोड़ रुपये) का जो रक्षा सौदा इस्राइल से किया था, उसमें पेगासस स्पाईवेयर की खरीद भी शामिल थी। इस रक्षा डील में भारत ने कुछ हथियारों के साथ एक मिसाइल सिस्टम भी खरीदा था। अखबार ने अपनी सालभर लंबी चली जांच के बाद खुलासा किया है कि अमेरिका की जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) ने भी इस्राइल की एनएसओ फर्म से पेगासस की खरीद की थी। एफबीआई ने इसे घरेलू निगरानी के लिए इस्तेमाल करने की योजना के तहत इसकी कई वर्षों तक टेस्टिंग भी की, लेकिन पिछले साल एजेंसी ने पेगासस का उपयोग बंद करने का फैसला किया। हालांकि, रिपोर्ट में यह साफ नहीं है कि एफबीआई का यह फैसला पेगासस का राज खुलने से पहले आया या बाद में।

**15 हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदे का था हिस्सा**




## बांधवगढ़ में तेंदुए और एक वयस्क बाघ की मौत

**उमरिया।** उमरिया जिले में स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के सीमा में आज एक मृत तेंदुए और एक मृत वयस्क बाघ का शव मिला है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी।


उन्होंने बताया कि धमोखर वन परिक्षेत्र के बफर एरिया के बढ़वार बीट के सीमावर्ती राजस्व क्षेत्र के गढरी हार में अन आइडेंटिफाइड वयस्क नर बाघ की मौत हुई है। संभावना है कि दो बाघों के ल?ाई की वजह से बाघ की मौत हुई है। बाघ की मौत किन कारणों से हुई है, फिलहाल साफ नहीं है, हालांकि पीएम आदि के बाद मौत के कारण और अधिक साफ हो सकेंगे। इसके अलावा वन परिक्षेत्र पनपथा के कोर क्षेत्र में तेंदुए के मौत होने पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। सूत्रों ने बताया कि शिकारियों ने जीआई तार की मदद से तेंदुए का शिकार किया था। दोनों वन्य प्राणियों का अंतिम संस्कार के समय फील्ड डाइरेक्टर बीएस अन्नीगिरी, चिकित्सक डॉ. नितिन गुप्ता, डॉ. हिमांशु जोशी, एसडीओ सुधीर मिश्र, रेंजर वीएस श्रीवास्तव सहित पार्क अधिकारी मौजूद रहे।

**लड़ाई और शिकार से जान जाने की आशंका**

**Beating Retreat Ceremony**

# पहली बार होगा 1000 ड्रोन का शो

**नई दिल्ली।** विजय चौक पर आज शाम बीटिंग रिट्रीट समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस बार का आयोजित कई मायनों में बहुत अलग होना जा रहा है। इस साल की Beating Retreat Ceremony में नया ड्रोन प्रदर्शन प्रमुख आकर्षणों होगा। भारतीय स्टार्टअप बोटलैब, लाइट शो के एक हिस्से के तौर पर शनिवार शाम बीटिंग रिट्रीट समारोह में 1,000 ड्रोन उड़ाएगा। चीन, रूस और ब्रिटेन के बाद भारत 1,000 ड्रोन के साथ इतने बड़े पैमाने पर ड्रोन शो का आयोजन करने वाला चौथा देश बन जाएगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति और सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर रामनाथ कोविंद शामिल होंगे। इसके साथ ही आज गणतंत्र दिवस सप्ताह का समापन हो जाएगा। इस साल बीटिंग रिट्रीट समारोह को आजादी के 75 साल (आजादी का अमृत महोत्सव) पूरे होने के उपलक्ष्य में बड़े पैमाने पर मनाया जाएगा। बीटिंग रिट्रीट समारोह का दूरदर्शन के राष्ट्रीय यूट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। लोग बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी को दूरदर्शन नेशनल चैनल पर लाइव भी देख सकते हैं। समारोह शाम करीब पांच बजे शुरू होने की संभावना है। इस बार बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी के दौरान 26 धुनें बजाई जाएंगी। इसकी शुरुआत बिगुल पर फनफेयर ट्यून से होगी। इसके बाद मास बैंड वीर सैनिक गीत, पाइप्स बैंड और ड्रम बैंड 6 धुनें होंगी। केंद्रीय सशस्त्र बल तीन धुन बजाएंगे और वायुसेना बैंड चार धुन बजाएगा। फ्लाइट लेफ्टिनेंट एल.एस. रूपचंद्रन द्वारा एक विशेष लड़ाकू धुन प्रस्तुत की जाएगी। इसके बाद नौसेना के जवान चार धुन बजाएंगे।



## गांधीधाम-पुरी एक्सप्रेस की पैंट्री कार में लगी आग, सभी यात्री सुरक्षित

**नई दिल्ली।** गांधीधाम-पुरी एक्सप्रेस में शनिवार को बड़ा हादसा होने से बच गया। जानकारी के मुताबिक, एक्सप्रेस ट्रेन की पैंट्री कार में सुबह करीब 10:30 बजे आग लग गई। पैंट्री में जैसे ही धुंआ दिखाई दिया, यात्रियों में दहशत का माहौल बन गया। कई यात्री तो चलती गाड़ी से नीचे कूद गए। गनीमत यह रही कि जिस समय आग लगने की जानकारी हुई, ट्रेन महाराष्ट्र के नंदुरबार रेलवे स्टेशन पर पहुंच चुकी थी, जिस कारण उसकी गति काफी गम थी। पश्चिमी रेल अधिकारियों ने बताया कि जिस ट्रेन में यह हादसा हुआ, उसमें 22 कोच शामिल थे। 13वां कोच पैंट्री कार का था। आग की सूचना होते ही पैंट्री कार को ट्रेन से अलग कर दिया गया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। यात्रियों की सुरक्षा के लिए मेडिकल टीम व पैरामेडिकल स्टाफ को मौके पर भेजा गया। करीब 12:10 बजे आग पर काबू पा लिया गया।

## पुलिस पोस्टिंग के लिए अनिल देशमुख ने तैयार किए थे लिस्ट

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ अपनी चार्जशीट में खुलासा किया है कि तत्कालीन मंत्री पोस्टिंग के लिए पुलिस ऑफिसर और अधिकारियों के नामों की एक सूची तैयार की है। ईडी की चार्जशीट के अनुसार, देशमुख ने पुलिस अधिकारियों और उनके ठिकानों की सूची अग्रेषित करने की बात स्वीकार की है।उन्हें एसीएस (अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग) और पुलिस स्थापना बोर्ड के प्रमुख (पीईबी) में स्थानांतरित किया जाना था। बात दें कि देशमुख कथित भ्रष्टाचार और जबरन वसूली के आरोप में जांच के घेरे में है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ईडी ने यह भी दावा किया कि देशमुख ने 16 साल के निलंबन के बाद सचिन वाजे की बहाली में अहम भूमिका निभाई थी। वाजे जो एक सहायक पुलिस निरीक्षक थे, को मुंबई पुलिस की अपराध खुफिया इकाई (सीआईयू) का प्रमुख बनाया गया था। उसके जरिए कथित तौर पर जबरन वसूली करने के लिए उसे कई सनसनीखेज जांच का जिम्मा सौंपा गया था।



**ईडी ने चार्जशीट में किया खुलासा**

# स्पेस में 13000 सैटेलाइट भेजने की तैयारी में चीन

**नई दिल्ली।** क्या चीन दुनिया में अपनी ताकत बढ़ाने के लिए अब जासूस की सहारा ले रहा है? क्या चीन ने अपने सैटेलाइट का इस्तेमाल जासूसी के लिए करने की बड़ी योजना बनाई है? ये सवाल उस मीडिया रिपोर्ट के आने के बाद उठे हैं, जिनमें कहा गया है कि चीन ने Megaconstellation (मेगाकॉन्स्टेलेशन) पर काम शुरू कर दिया है। इसके तहत एक-दो या 10-12 नहीं, पूरे 13 हजार सैलेटाइट अंतरिक्ष में छोड़े जाएंगे। चीनी सरकार ने इसका ठेका एक निजी कंपनी को दिया है। कंपनी कह रही है कि 5त्र सेवाओं के लिए ये अंतरिक्ष यान छोड़े जाएंगे, लेकिन अमेरिका समेत अन्य पश्चिमी देश इसे जासूसी का हथियार बता रहे हैं। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, चीन के स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ साइंस, टेक्नोलॉजी एंड इंडस्ट्री फॉर नेशनल डिफेंस (SASTIND) ने छोटे उपग्रहों की लांचिंग की योजना बनाई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन सैटेलाइट की मदद से चीन पृथ्वी के अधिकांश हिस्से पर निगरानी रखने में सक्षम होगा। हालांकि चीनी सरकार ऊपरी तौर पर इसके पीछे इंटरनेट सुविधाओं को मजबूत करने का मकसद बता रही है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि नेटवर्क क्या कवर करेगा और यह कैसे काम करेगा, इसके बारे में अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं है। वैसे इसका शुरुआती उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में 5त्र नेटवर्क सेवाओं को मजबूत करना है।

**कहीं मकसद जासूसी तो नहीं**



### क्या है चीन की योजना मेगाकॉन्स्टेलेशन

चीन की योजना के अनुसार, 12992 उपग्रह स्पेसएक्स-स्टारलिंक कंपनी के उपग्रहों की तरह पृथ्वी की निचली कक्षा में परिक्रमा करेंगे। इसे च्मेगाकॉन्स्टेलेशनज् नाम दिया गया है। इनकी रेंज पृथ्वी की सतह से 498.89 किलोमीटर से 1144.24 किलोमीटर के बीच होगी। डेली मेल की रिपोर्ट में दावा किया गया है।



कटनी, जबलपुर, मंडला, भोपाल, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित



## सम्मान तो इनका होना चाहिए

**कटनी।** हाल ही में कटनी में गणतंत्र दिवस के दिन सम्मान को लेकर विवाद हुआ एक दिन बाद जो खबर मिली उसे तो पढ़कर कोई भी कहेगा सम्मान तो इनका होना चाहिए। आइए जानते हैं यह पूरा मामला। कटनी जिले की पंचायत कन्हवारा में ग्रामीण शिवकुमार चक्रवर्ती ने ईमानदारी की मिसाल पेश की। दरअसल वे घर पर जरूरी काम के लिए बैंक में पैसे लेने पहुंचे और तीस हजार रुपए लेने के लिए फार्म भरकर जमा किया। इस दौरान बैंक क्लर्क ने गलती से उन्हे दो सौ रुपए के नोट के तीन गड्डी थमा दिए और शिवकुमार बैंक में रुपए गिने बिना घर पहुंचे। शिवकुमार ने बैंक में पैसे नहीं गिने थे और इस कारण घर आकर जब रूपए गिने तो उन्हे पता चला कि बैंक के कर्मचारी गोविंद ने तीस की जगह उन्हे 60 हजार रुपए दे दिए हैं। उन्होंने पासबुक में इंट्री देखी तो उसमें भी तीस हजार रुपए ही दर्ज था। इस पर फौरन शिवकुमार अपने साथी को जानकारी दी और ज्यादा पैसे में बैंक में जमा करने की बात कही और साथी के साथ वे बैंक पहुंचे। बैंक कर्मचारी दिए गए अतिरिक्त तीस हजार रुपए को बैंक में वापस किया। शिवकुमार के इस पहल की अब स्थानीय लोग तारीफ कर रहे हैं। पड़ोसियों का कहना है कि आज के जमाने में ऐसे उदाहरण कम ही देखने को मिलती है। शिवकुमार ने युवाओं के लिए उदाहरण पेश किया है कि अतिरिक्त पैसा कहीं से मिले, उसे नियत स्थान पर दे देना चाहिए।

## अभी बाकी है ठंड का सितम, फरवरी के पहले सप्ताह से बढ़ेगा तापमान, रहें सावधान

### मकर संक्राति के बाद इस बार कम नहीं हुई शीत लहर



**कटनी।** बात तापमान की करें तो बीते 72 घंटे से रात का पारा 5.5 डिग्री सेल्सियस और दिन का 19 डिग्री सेल्सियस पर अटक गया है। कटनी जिले में भी गजब की ठंड पड़ रही है आम तौर पर ठंड 14 जनवरी के बाद कम होना शुरू हो जाती थी लेकिन इस साल उल्टा हो गया। 14 जनवरी के बाद तो ठंड का सितम और भी ज्यादा बढ़ गया। इधर मौसम विभाग का कहना है कि 29 जनवरी से नया सिस्टम बन रहा है। पाकिस्तान से हवाओं का एक झोंका जाएगा। इससे रात का तापमान बढ़ सकते हैं। दिन में पारा 25 के आसपास पहुंच जाएगा, तो राम में यह 10 डिग्री सेल्सियस के ऊपर जाएगा।

मध्यप्रदेश के कई जिलों में बारिश होने से एक बार फिर ठंड ने जोर पकड़ लिया है, प्रदेश के कई जिलों में दिन और रात का तापमान सामान्य से नीचे आ गया है। मिली जानकारी के मुताबिक मध्यप्रदेश के ग्वालियर, उज्जैन, भोपाल, इंदौर, जबलपुर और होशंगाबाद संभागों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

### जारी किया गया अलर्ट

मौसम केंद्र के मुताबिक अगले 24 घंटों में रीवा, उमरिया, छिंदवाड़ा, जबलपुर, कटनी। बालाघाट, सिवनी, छतरपुर, सागर, होशंगाबाद, बैतूल, भोपाल, रायसेन, सीहोर, धार, खंडवा, खरगौन, रतलाम, उज्जैन, गुना में अगले दो दिन के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। यहां कहीं-कहीं तीव्र शीतलहर चलने की संभावना है। साथ ही इंदौर संभाग के जिलों में उज्जैन, दतिया, टीकमगढ़, बैतूल, दमोह, बालाघाट में दो दिन तीव्र शीतल दिन रहेंगे।

## जगी विकास की उम्मीद

### सांसद के पत्र पर सीएमओ ने मंगाई भौगोलिक केन्द्र करौंदी की जानकारी



**कटनी।** देश के भौगौलिक केंद्र माने जाने वाले करौंदी के हाल-बेहाल हैं। अब जनप्रतिनिधियों ने भी करौंदी का विकास कर बदहाली दूर करने पत्राचार शुरू किया है। अच्छी खबर यह है कि सांसद के पत्र के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय ने करौंदी के विकास के लिए जिला प्रशासन से जानकारी मांगी है। संभव है अब देश के भौगोलिक केन्द्र बिंदु का उद्वार हो जाए। आपको बता दें कि शहडोल लोकसभा क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि करौंदी लोककला प्रदर्शन का बेहतर केंद्र बन सकता है। इसके लिए आवश्यक प्रयास किए जाएं। सांसद हिमाद्री सिंह ने मुख्यमंत्री शिवराज को पत्र में लिखा है कि मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा बड़वारा जिला कटनी के ग्राम करौंदी में भारत का भौगोलिक केंद्र बिंदु स्थित है। उक्त स्थल में देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। करौंदी गांव के चारों तरफ वनक्षेत्र है। इसे प्राकृतिक स्वरूप देकर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। जनजातीय बाहुल्य होने से जनजाति संग्रहालय अथवा जनजाति लोककला संस्कृति के प्रदर्शन के लिए आवश्यक निर्माण कार्य करवाए सकते हैं।

## शहनाई के सुर फिर संक्रमित से हैं

### कोरोना गाइडलाइन के चलते विवाह समारोहों में टेंशन



**कटनी।** शुभ विवाह मुहूर्त के बीच मध्य प्रदेश में तीसरी लहर की दस्तक होने से शहनाई के सुर फिर संक्रमित से हैं प्रदेश सरकार के निर्देश जारी होने के बाद जिला स्तर पर भी विवाह समारोहों में कई पाबंदियां जारी हैं। जनवरी माह में अब तक हुए विवाह समारोहों में इसका असर दिखा अब फरवरी के विवाह मुहूर्त में क्या होगा इसे सोच कर जिनके घरों में विवाह समारोह हैं वहां टेंशन स्वाभाविक है। फिलहाल शादी-समारोहों पर किसी तरह की पाबंदी तो नहीं लगाई गई हैं लेकिन इसमें मेहमानों की संख्या को निर्धारित किया गया है। खास शादी विवाह के लिए ढाई सौ लोगों की उपस्थिति हो सकती है। साफ है इस गाइडलाइन के बाद कोरोना की बिदाई सोच कर 2022 में विवाह समरोह आयोजित करने वाले लोगों के सामने परेशानी है। कई ऐसे भी समारोह थे जो टाल दिए गए लेकिन अधिकांश ने विवाह समारोह टालने की बजाए मेहमानों को टालने में ज्यादा भलाई समझी। आपको बता दें कि मुहूर्त होने के बाद भी शादियों पर दो साल से लगे अघोषित कोरोना कर्फ्यू के बाद 16 जनवरी से फिर शुभ मुहूर्त शुरू हो चुके। 16 जनवरी से ये शुभ घड़ी आई इससे पहले तीसरी लहर ने दस्तक दे मारी। मरीजों का आंकड़ा बढ़ा तो सरकार ने मेला-शादी समारोह जैसे बड़े आयोजनों को लेकर मंथन करना शुरू कर दिया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सीधे निर्देश हैं कि ये सुनिश्चित किया जाए कि अनावश्यक क्राउड न हो। मुख्यमंत्री की इस गाइडलाइन को लेकर पूरे प्रदेश के सभी जिला क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों के साथ मंथन किया। शादी-समारोहों पर पाबंदी लगाने के सवाल पर गत दिनों कटनी आए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस पर हम विचार कर रहे हैं। लेकिन तत्काल कोई निर्णय नहीं लिया गया है। कोरोना गाइडलाइन का सख्ती से पालन कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। लेकिन मरीजों की संख्या बढ़ती है तो फिर आगे कोई निर्णय लिया जाएगा। फिलहाल मध्य प्रदेश में वीकेंड लॉकडाउन जैसी भी परिस्थितियां नजर नहीं आ रही हैं। पेशे से शिक्षक सावित्री भार्गव का कहना है कि अगले महीने उनकी बेटी की शादी है। लेकिन पाबंदियां लगीं तो शादी की तैयारियां धरी की धरी रह जाएंगी. वहीं इंद्रानगर निवासी कोमल शर्मा का कहना है कि उनकी बेटी की शादी तो पहले जनवरी में तय थी लेकिन बाद में इसे आगे बढ़ा दिया गया। उनका कहना है कि सरकार को जो भी फैसला है। स्थिति पहले ही स्पष्ट कर देना चाहिए।

### फिर भी बुकिंग जारी, पर कार्ड छपाई पर मार

शादी समारोह में पाबंदियों के बाद भी लोगों में इसे केंसिल करने को लेकर ज्यादा ख्याल नहीं है शहर के सभी प्रमुख मेरिज गार्डन और हाल आने वाने मुहूर्त के लिए बुक हैं। हां लोगों को अधिक संख्या में बुलाने पर आयोजनकर्ता विचार कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में विवाह कार्ड पर कटौती की जा रही है। विवाह कार्ड प्रिंटिंग करने वाले पुरानी बस्ती निवासी प्रशांत प्रिंटर्स के संचालक प्रशांत मिश्रा का कहना है कि विवाह कार्डों की छपाई आधी से भी कम हो गई है। शहर के बड़े घरानों के विवाह समारोह में 5 हजार तक कार्ड छपना आम होता था जो अब घट कर 5 सौ हो गया है।

### जनवरी के बाद साल में इतने हैं विवाह शुभ मुहूर्त



1. जनवरी में शादी के दिन 5 शुभ दिन के मुहूर्त हैं।
2. फरवरी में 4 दिन के शुभ मुहूर्त हैं।
3. मार्च में विवाह के लिए कोई मुहूर्त नहीं है. लेकिन फिर भी कुछ ज्योतिषि 4 मार्च को विवाह के लिए शुभ दिन बता रहे हैं।
4. अप्रैल- 17, 19, 21, 22, 23 और 28 तारीख को विवाह के शुभ मुहूर्त हैं.
5. मई- 02, 03 (अक्षय तृतीया), 09, 10, 11, 12,13, 16, 18, 19, 20, 25, 26 और 31 तारीख मई में 14 दिन विवाह के लिए शुभ हैं।
6. जून माह में हालांकि बहुत से लोग गर्मी में शादी से बचते हैं. लेकिन इस माह में 06, 07, 08, 09, 10, 11, 13, 17, 21 और 22 तारीख विवाह के लिए शुभ
7. जुलाई-03, 05 और 08 तारीख को विवाह के शुभ मुहूर्त हैं।
8. अगस्त में चतुर्मास शुरू होने के कारण इन माह में शादी के शुभ मुहूर्त नहीं होते.
9. सितम्बर-विवाह का कोई शुभ मुहूर्त नहीं है।
10. अक्टूबर-विवाह का कोई शुभ मुहूर्त नहीं है।
11. नवंबर के आखिर में जाकर शादी के लिए मुहूर्त खुलेंगे. 25, 26, 28 और 29 तारीख विवाह के लिए शुभ हैं।
12. दिसंबर में भी ज्यादा दिन के मुहूर्त नहीं है. दिसंबर की 02, 04, 07, 08, 09 और 14 तारीख को विवाह के लिए शुभ बताया जा रहा है।

## संक्षिप्त

### महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर, बाजार में उतारे प्रोडक्ट

*आजीविका मिशन के तहत स्व सहायता समूह की महिलाएं तैयार कर रहीं विभिन्न उत्पाद*

**कटनी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य में अलग-अलग योजनाएं लागू कर रहे हैं। महिलाएं आत्मनिर्भर बनें, इसको लेकर उनके निर्देश पर लगातार काम किया जा रहा है। मध्यप्रदेश राज्य आजीविका मिशन द्वारा गठित स्व सहायता समूहों के सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार से जोड़ने प्रदेश में कार्य किया जा रहा है और इसी कड़ी में जिले में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन व सीईओ जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे के मार्गदर्शन में आजीविका मिशन लगातार काम कर रहा है। जिले के स्लीमनाबाद के एक समूह की सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार कर बाजार में उतारे गए हैं और उनकी ऑनलाइन बिक्री भी की जा रही है। महिलाओं के बनाए प्रोडक्ट भी लोगों को काफी पसंद आ रहे हैं। जिला परियोजना प्रबंधक शबाना बेगम ने बताया कि विकासखंड बहोरीबंद अंतर्गत ममता संकुल स्तरीय संगठन स्लीमनाबाद द्वारा विभिन्न प्रकार की सामग्री तैयार की जा रही है। महिलाओं ने सरसों तेल, मक्का पोहा, चावल पापड़, अरहर दाल, चने की दाल, आम का आचार, नमकीन, धनिया, मिर्च, हल्दी पाउडर विक्रय के लिए बाजार में उतारा है। समूह के महिलाओं द्वारा खाद्य सामग्री के अलावा हर्बल साबुन, सेनेटरी नैपकीन, वाशिंग पाउडर, कपड़े के बैग, चूड़ियां, माला, सजावटी वस्तुएं, दोना-पत्तल, कुशन, गुलदस्ते, हैंडवाश, मास्क, झूमर भी तैयार कर विक्रय को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके अलावा पीओपी व पत्थर की कलाकृतियां भी समूह की सदस्य तैयार कर विक्रय कर रही हैं। सीईओ श्री गोमे ने बताया कि स्व सहायता समूह के तैयार उत्पाद ऑनलाइन विक्रय को भी उपलब्ध हैं और उत्पादों को पोर्टल के माध्यम से आसानी से खरीदा जा सकता है। उन्होंने बताया कि समूह द्वारा 200 प्रकार की अलग-अलग सामग्री तैयार की जा रही है, जो नामी कंपनियों के उत्पादों की तरह ही उच्च गुणवत्ता युक्त हैं।

## नदी के पानी के उपयोग पर पाबंदी फिर भी लगीं मोटर



**कटनी।** गर्मी को अभी करीब 4 माह बाकी हैं लेकिन कटनी में जलापूर्ति को लेकर गंभीर संकट पैदा हो गया है। एनीकट में कटनी नदी का बहाव शून्य हो जाने के कारण कटाएघाट बैराज एवं एनीकट के जलस्तर में गिरावट आना प्रारंभ हो गई है। इसके उपयोग पर कलेक्टर ने प्रतिबंध कुछ समय पहले ही लगा दिया था लेकिन अभी कई स्थानों पर जल का उपयोग मोटर लगाकर किये जाने की खबरें आम हैं। आपको बता दें कि कटनी तहसील के लिए विगत 5 वर्षो की तुलना में 31 अक्टूबर तक सबसे कम 596.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है, जो कि कटनी के गत वर्षो की औसत बारिश लगभग 1125 मि.मी. की तुलना में आधी ही है। जिससे कटनी शहर जल अभावग्रस्त क्षेत्र हो गया है। आगामी ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए मानसून आने तक पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के लिए पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी कटनी नदी के अपस्ट्रीम में उपलब्ध जल का उपयोग पेयजल के अतिरिक्त अन्य उपयोग नहीं किये जाने के लिए प्रतिबंध लगाया जाना आवश्यक है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जिला प्रियंक मिश्रा ने आयुक्त नगर पालिक निगम के प्रतिवेदन को दृष्टिगत रखते हुए मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 3 के अन्तर्गत कटनी नदी के अपस्ट्रीम में जल का उपयोग घरेलू उपयोग को छोड़कर सिचाई, औद्योगिक एवं अन्य प्रयोजनों के लिए किन्ही भी साधनों द्वारा जल के उपयोग पर माह जून 2022 अथवा मानसून आने तक अस्थाई अस्थाई रूप से तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है। मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 6 (1) के अन्तर्गत कटनी नगर के संपूर्ण क्षेत्र में एवं कटनी नदी एवं उसकी सहायक नदी, नाले के दोनों तरफ 300 मीटर तक के क्षेत्र में नए नलकूप खनन कार्य पर आगामी मानसून आने तक रोक लगाई गई है। शासकीय नलकूप खनन पेयजल कार्यो से संबंधित इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। इधर रोक के बावजूद कुछ स्थानों पर मोटर पंप लगाकर नदी से पानी निकालने की भी खबरें लगातार मिल रही हैं। कटनी के जिस खिरहनी क्षेत्र से कटनी नदी आई है वहां कई स्थानों पर चोरी छिपे नदी के पानी का जलादोहन किया जा रहा है।




## फरवरी में बना रहे हैं यात्रा का प्लान तो कटनी सेक्सन पर ध्यान जरूरी

**कटनी।** आप भी अगर फरवरी के पहले सप्ताह में यात्रा का प्लान बना रहे हैं तो कटनी शहडोल, सिंगरौली सेक्सन पर यात्रा से पहले पता कर लें कि ट्रेन रद्द तो नहीं हैं। फरवरी के पहले सप्ताह में कटनी सेक्शन में सफर करने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। रूपौंद-झलवारा सेक्शन को तीसरी लाइन से जोड़ने के लिए रेलवे ने अलग-अलग तिथि में 18 ट्रेनें रद कर दी हैं। दरअसल रेलवे अंधोसंरचना विकास से जुड़े कार्यों को जितनी जल्द हो पूरा करना चाह रही है। यही वजह है कि एक के बाद एक सेक्शन में ट्रेनों के पहिए रोककर काम पूरा किया जा रहा है। इससे यात्रियों को परेशानियां भी होंगी। रेलवे का मानना है कि जब यह पूरा हो जाएगा। उसके बाद ट्रेनों के परिचालन में गतिशीलता आएगी।

### ये ट्रेनें रहेंगी रद

| तिथि | रद ट्रेन |
|---|---|
| 02 फरवरी---- | रानी कमलापति(हबीबगंज)-सांतरागाछी एक्सप्रेस |
| 03 फरवरी---- | सांतरागाछी-रानी कमलापति(हबीबगंज) एक्सप्रेस |
| 05 फरवरी---- | उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस |
| 06 फरवरी---- | शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस |
| 01 फरवरी---- | बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस |
| 31 जनवरी से 07 फरवरी---- | भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस |
| 01, 06 व 08 फरवरी---- | दुर्ग-कानपुर एक्सप्रेस |
| 02, 07 व 09 फरवरी---- | कानपुर-दुर्ग एक्सप्रेस |
| 03 फरवरी---- | वलसाड-पुरी एक्सप्रेस |
| 06 फरवरी---- | पुरी-वलसाड एक्सप्रेस |
| 01, 04 व 08 फरवरी---- | दुर्ग-निजामुद्दीन एक्सप्रेस |
| 02, 05 व 09 फरवरी---- | निजामुद्दीन-दुर्ग एक्सप्रेस |
| 02 व 04 फरवरी---- | दुर्ग-नवतनवा एक्सप्रेस |
| 04 व 06 फरवरी---- | नवतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस |
| 06 फरवरी---- | बीकानेर-पुरी एक्सप्रेस |
| 09 फरवरी---- | पुरी-बीकानेर एक्सप्रेस |
| 01 व 08 फरवरी---- | दुर्ग-जम्मूतवी एक्सप्रेस |

## राज्यसभा सांसद विवेक तनखा ने कटनी को दी प्लाज़्मा एफेरेसिस मशीन की सौग़ात

### एनएसयूआई राष्ट्रीय समन्वयक दिव्यांशू अंशु मिश्रा की पहल पर अब हो सकेगा ब्लड सम्बन्धी बीमारियों का इलाज

**कटनी।** स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी से जूझते कटनी जिलेवासियों की पीड़ा को समझते हुए कांग्रेस के राज्य सभा सांसद विवेक तनखा ने एनएसयूआई राष्ट्रीय समन्वयक दिव्यांशु मिश्रा अंशु की पहल पर



प्लाज़्मा एफ़रेसिस ब्लड कम्पोनेंट सेप्रेटर मशीन की सौगात दी है।यह मशीन जिला चिकित्सालय में लगाई जाएगी। जिसके लिए अंशु मिश्रा के मांगपत्र पर श्री तनखा ने 27 लाख 50 हज़ार रुपये स्वीकृत किये है।ब्लड कम्पोनेंट सेपरेशन मशीन की सुविधा मिलने से कटनी में ब्लड संबंधी गंभीर बीमारियों का बेहतर इलाज उपलब्ध होगा। जानकारी देते हुए कांग्रेस छात्र इकाई के राष्ट्रीय समन्वयक कटनी अध्यक्ष दिव्यांशू मिश्रा अंशू ने बताया की ज़िले वसियों की समस्या को देखते हुए सांसद श्री तनखा को माँग पत्र सौंपा गया था, जिसपर उनके द्वारा कटनी की बहुप्रतिक्षित माँग को पूरा कर राशी स्वीकृत कर दी है। जिससे कुछ ही दिनो में आम जनता ज़िला अस्पताल में उक्त मशीन लगाई जाएगी। युंका जिलाध्यक्ष मनु दीक्षित ने बताया की गर्भवती महिलाओं, पीलिया, डेंगू और अन्य कई अन्य गम्भीर बीमारियों में यह मशीन महत्वपूर्ण साबित होती है।यह मशीन ना होने से लोगों को जबलपुर जाना पड़ता था, कई मरीज़ बीच रास्ते में ही दम तो देते थे।इसके ज़िला अस्पताल में लग जाने से लोगों की जान बच सकेगी व सभी को इसका लाभ होगा।

### भाजपा जनप्रतिनिधियों पर उदासीनता का आरोप

पत्रकार वार्ता में अंशू मिश्रा ने भाजपा के जनप्रतिनिधियों पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि जिले से प्रदेश और देश तक भाजपा का राज है लेकिन लोगों को सुविधा से इन्हें कोई सरोकार नहीं है। भाजपा सांसद एवं सत्ता धारी दल के विधायकों पर जनहितैषी मुद्दों पर असमवेदनशील हो चुके हैं। उन्होंने कहा की जिस माँग को ज़िले के अनेक संगठनो ने मज़बूती से उठाया, उसपर भाजपा के किसी नेता ने ध्यान तक नही दिया, जबकि प्रथम जवाबदेही भाजपा नेताओं की बनती है, जो लम्बे समय से सत्ता पर क़ाबिज़ है। इससे ये स्पष्ट होता है, भाजपा विकास की नहीं केवल सत्ता की राजनीति करती है, उनके नेताओं को जनहित से कोई सरोकार नही है।

### इन संगठनो ने की थी प्लाज़्मा एफ़्रेसिस मशीन की माँग

कटनी ब्लड डोनर्ज़ एवं वेलफेयर सोसायटी से लोकेश सचदेवा ने प्लाज़्मा एफ़्रेसिस स्थापना हेतु माँग पत्र सौंपा था, संस्था ने अंशू मिश्रा एवं श्रेहा रौनक़ खंडेलवाल के साथ जनहित याचिका भी उच्च न्यायालय में दायर की थी, ततपस्चात साक्षी नेहरू युवा मंडल, मिलन ब्लड डोनर, सांई ब्लड डोनर, महाकाल सरकार सेवा समिती, गौ माता उपचार केंद्र, ज़िला विकास छात्र संगठन, सिंधु नारायण मंडल, बधाई उत्सव समीती, जगन्नाथ मंडी ट्रस्ट कमेटी, मुस्कान ड्रीम्स फ़ाउंडडेशन, माधवनगर युवा संघाढ़स समितति, कटनी टेंट लाइट एसोसीयशन, पंजाबी सेवा समिति ने ज़िला प्रशासन से लगातार माँग की थी। कटनी को बहुप्रतक्षित व अत्यंत महत्वपूर्ण प्लाज़्मा एफ़रेसिस मशीन की सौग़ात देने वाले सांसद विवेक तनखा का समस्त कोंग्रेस परिवार एवं समाजसेवी संगठनो ने आभार व्यक्त किया है। पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से प्रदेश प्रवक्ता विक्रम खमपरिया, रौनक़ खंडेलवाल, राजेंद्र बघेल, शुभम मिश्रा, अजय खटीक उपस्थित रहे।

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# राजधानी की शोभा बढ़ा रहीं कटनी स्टोन पर उकेरी कलाकृतियां

## कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल में देशभर के शिल्पकारों ने किया था कलाकृतियों का निर्माण





**कटनी।** कटनी स्टोन पर कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल आधारशिला के दौरान देश के जाने-माने शिल्पकारों द्वारा उकेरी गई ऐतिहासिक कलाकृतियां अब प्रदेश की राजधानी की शोभा बढ़ा रही हैं। भोपाल में नवनिर्मित रवीन्द्र सभागम केन्द्र परिसर में स्टोन आर्ट फेस्टिवल आधारशिला के दौरान शिल्पकारों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों में से छह कलाकृतियों को नवीन परिसर में स्थापित किया गया है। बुधवार को रवीन्द्र सभागम केन्द्र का लोकार्पण गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया गया। लोकार्पण समारोह के दौरान कटनी स्टोन पर बनी कलाकृतियां लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहीं। सरकार की महत्वपूर्ण योजना एक जिला-एक उत्पाद के तहत कटनी स्टोन का कटनी जिले में चयन किया गया है। जिसके चलते कटनी स्टोन को प्रमोट करने के लिए जिला प्रशासन ने 9 नवंबर से 28 नवंबर तक कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल आधारशिला का आयोजन जागृति पार्क कटनी में किया था। जिसमें देशभर के शिल्पकारों ने कटनी स्टोन पर अपनी शिल्पकला के हुनर का प्रदर्शन किया था और ऐतिहासिक कलाकृतियों का निर्माण किया था।

### महान दार्शनिक गार्गी के साथ लक्ष्मी का प्रतीक कौड़ी भी बढ़ा रही शोभा

राजधानी के रवीन्द्र सभागम परिसर में आधारशिला में जबलपुर की शिल्पकार सुप्रिया अंबर द्वारा बनाई गई वैदिक काल की महान दार्शनिक गार्गी वाचकन्वी कलाकृति भी शोभा बढ़ा रही है। अंबर ने आधारशिला के दौरान फीमेल इंडियन फ्लासिफी के रूप में पहला कल्चर अपनी शिल्पकला के माध्यम से उकेरा था। इसी तरह से इंदौर के शिल्पकार जगदीश वेगढ़ ने कटनी के पीले स्टोन पर मां लक्ष्मी का प्रतीक मानी जाने वाली विशाल कौड़ी का निर्माण किया था, जो परिसर में लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। इसके अलावा तमिलनाडू के शिल्पकार डीवी मुरूगन की कल्चर एंड हेरीटेज पर आधारित शिल्प, हंसराज कुमावत की विदइन शिल्प, रवि कुमार की प्यूरिटी ऑफ रीलेशनशिप, रमनदीप की माइंडस्कैप 2 कलाकृति भी परिसर में स्थापित की गई है।

### इन शिल्पकारों ने किया था हुनर का प्रदर्शन

कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल के दौरान शिल्पकार रमनदीप सिंह, मनदीप खैरा मनसा पंजाब, प्रदीप बी जोगडांड मुंबई, हरपाल सिरसा हरियाणा, विनय अंबर जबलपुर, रमेश चंद्रा, रवि कुमार, नीरज विश्वकर्मा उत्तरप्रदेश, योगेश के प्रजापति नई दिल्ली, हंसराज कुमावत जयपुर, डीवी मुरूगन तमिलनाडू, सुप्रिया अंबर जबलपुर, जगदीश वेगड़ इंदौर ने कटनी स्टोन पर अपनी शिल्प का प्रदर्शन किया था।

### कल्चुरी काल के राजाओं की पसंद था कटनी स्टोन

कटनी स्टोन की डिमांड देश ही नहीं विदेशों में भी है। कटनी स्टोन का इतिहास पुराना है। इतिहासकारों की माने तो कल्चुरी काल में राजाओं की राजधानी जबलपुर के तेवर में स्थापित थी लेकिन कटनी के बिलहरी व कारीतलाई में उनके शिल्प केन्द्र बने हुए थे। जहां पर कटनी स्टोन पर शिल्पकारी कर उन्हें दूसरे स्थानों पर भेजा जाता था। बिलहरी के पुरातन मंदिर, बावड़ियां, तालाबों में आज भी इस बात के प्रमाण देखने को मिलते हैं और कारीतलाई में भी कल्चुरी काल की ऐतिहासिक कलाकृतियां संरक्षित हैं।

### विदेशों तक में है कटनी स्टोन की डिमांड

कटनी के सेंड स्टोन की प्रदेश स्तर पर ही नहीं बल्कि हिन्दुस्तान के बड़े शहरों सहित विदेशों में भी विशेष डिमांड है। देशभर के बड़े-बड़े शहरों के भवनों, चौराहों, पार्कों, धार्मिक स्थलों की कटनी स्टोन की कलाकृतियां शोभा बढ़ा रही हैं तो वहीं यूरोपीय देशों में कटनी स्टोन के टाइल्स आदि की डिमांड भी अधिक है। मुलायम होने और कई रंगों में पाए जाने के कारण शिल्पकारों को कटनी का स्टोन बेहद पसंद आ रहा है और यही कारण है कि कटनी स्टोन को जिला प्रशासन ने एक जिला एक उत्पाद में चयनित किया है और आधारशिला के माध्यम से कटनी स्टोन को वैश्विक स्तर पर पहचान मिली है।

# विधायक संजय पाठक ने किया स्वच्छता एप का शुभारंभ

### नागरिक एप के माध्यम से कर सकेंगे शिकायत एवं सुझाव

**कटनी।** विजयराघवगढ़ नगर परिषद् विजयराघवगढ़ में स्वच्छता सेवा को सुदृढ़ बनाने की दिशा में नवाचार करते हुये विजयराघवगढ़ स्वच्छता एप का प्रारंभ किया गया है। बुधवार को विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने विजयराघवगढ़ स्वच्छता एप का शुभारंभ किया। उन्होने कहा कि इस एप के माध्यम से अब नागरिक घर बैठक ही अपनी शिकायत एवं सुझाव सीधे नगर परिषद को पहुंचा सकेंगे। निकाय स्तर विजयराघवगढ़ स्वच्छता एप की मॉनीटरिंग के लिये कंन्ट्रोल रुम स्थापित किया गया है।




जिसमें इस एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों की प्रतिदिन मॉनीटरिंग की जायेगी। इसके साथ ही प्राप्त शिकायतों का त्वरित रुप से अथवा 24 घंटे के भीतर निराकरण भी किया जायेगा। विधायक श्री पाठक ने इस एप का उपयोग कर नगर परिषद् को स्वच्छ एवं अग्रणी बनाने की दिशा में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करने नागरिकों से अपील भी की है। इस एप के संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद् विजयराघवगढ़ ने बताया कि इस एप को लागू करने का उद्देश्य नगर के प्रत्येक घर तक कचरा संग्रहण के लिये कचरा वाहन पहुंचाना, सम्पूर्ण नगर का शत-प्रतिशत कचरा संग्रहण करना, घर-घर शत् प्रतिशत पृथक-पृथक कचरा संग्रहित करना एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में निकाय को उच्च पायदान पर पहुंचाना है। नगर परिषद विजयराघवगढ़ के नागरिक इस एप को प्लेस्टोर में जाकर या नगर परिषद् विजयराघवगढ़ के फेसबुक, इन्स्टाग्राम, ट्विीटर के पेज में जाकर लिंक के माध्यम से एप को डाउनलोड कर सकते हैं। जिसके बाद नागरिक को एप में चाही गई जानकारी एवं मोबाईल नंबर दर्ज करना होगा। मोबाईल नंबर दर्ज करने के बाद मोबाईल पर प्राप्त ओटीपी को एप में दर्ज कर अपना गोनीय पासवर्ड बनाना होगा। इस प्रक्रिया के पूर्ण होने बाद नागरिक क्यूआर कोड को स्केन कर अपनी शिकायतें एवं सुझाव सीधे संबंधित अधिकारियों तक पहुंचा सकेंगे।

# 81 ग्रामों के नागरिकों को मिल सकेगा सेवाओं का लाभ

### स्लीमनाबाद में लोक सेवा केन्द्र का शुभारंभ

**कटनी।** गुरुवार को स्लीमनाबाद में लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा लोक सेवा केन्द्र का शुभारंभ हुआ। सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे ने रिबन काटकर इस केन्द्र का औपचारिक शुभारंभ किया। इस केन्द्र के प्रारंभ होने से स्लीमनाबाद क्षेत्र अंतर्गत 81 ग्राम नागरिक लोक सेवा अंतर्गत अधिसूचित सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। इसमें मुख्यतः आय, निवास, खसरा खतौनी की नकल, ऋण पुस्तिका आदि सेवायें समाधान एक दिवस तत्काल सेवा अंतर्गत 9 विभागों की 42 सेवायें एक ही दिवस में लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से प्रदाय की जायेंगी। इसके साथ ही 48 विभागों की 563 सेवाओं का लाभ भी लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से नागरिकों को निर्धारित समय सीमा में प्राप्त हो सकेगा। स्लीमनाबाद लोक सेवा केन्द्र के शुभारंभ अवसर जिला प्रबंधक लोक सेवा दिनेश विश्वकर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान जीएम डीआईसी अजय श्रीवास्तव, तहसीलदार स्लीमनाबाद दिलीप सिंह मरावी सहित, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधिगण अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।




# रेडक्रॉस सोसायटी जिला कार्यकारिणी समिति के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ

**कटनी।** सदस्य सचिव एवं सचिव भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी कटनी डॉ. यशवंत वर्मा ने बताया कि भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा कटनी के निर्देशन में जिला शाखा कटनी के लिये जिला कार्यकारणी समिति के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। जिसके प्रथम चरण में शाखा में पंजीबद्ध समस्त वैद्य आजीवन सदस्यों की अनंतिम सूची का प्रकाश कर उसे नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया है। डॉ. यशवंत वर्मा ने समस्त जिला शाखा के सदस्यों से अनुरोध करते हुये कहा कि वे सूची का निरीक्षण कर सदस्यों का नाम, मृत्यु या स्थान परिवर्तन के कारण विलोपित किया जाना है, उसकी जानकारी 1 फरवरी 2022 तक दोपहर एक बजे के पहले सिविल सर्जन कार्यालय जिला चिकित्सालय कटनी व सचिव को व्यक्तिगत या लिखित रुप से संसूचित करें। यदि किसी सदस्य का नाम त्रुटिवश शामिल नहीं पाया गया है, उसके लिये लिखित रुप में वैद्य रुप से जारी रसीद के जमा किया जा सकता है।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

# मतदान प्रत्येक मतदाता का है अधिकार

## मतदाता दिवस पर तिलक कॉलेज में वेबिनार का आयोजन






**कटनी।** बीते 25 जनवरी को शासकीय तिलक कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात विभागाध्यक्ष राजनीतिषास्त्र की अध्यक्षता में डॉ. आर.पी.सिंह जिला संगठक रासेयो डॉ. माधुरी गर्ग, कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. अजय कुमार ठाकुर, कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. सरदार दिवाकर, एनसीसी प्रभारी, डॉ. राजकुमार क्रीड़ाधिकारी के नेतृत्व में मतदाता दिवस शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने शासन द्वारा प्रदत्त शपथ पत्र को महाविद्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के समक्ष पढ़ा और सभी को शपथ दिलाई। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में मतदान की अनिवार्यता विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अषोक कुमार मराठे कार्यक्रम समन्वयक रानी दुर्गावती वि.वि जबलपुर, विषिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. आर.के.वर्मा प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय बरही की उपस्थिति रही। डॉ. मराठे ने मतदान की अनिवार्यता विषय पर विस्तार से अपने विचारों को रखा। इसी क्रम में डॉ. वर्मा ने अपने उद्बोधन में युवाओं की भूमिका मतदान किस प्रकार से करें, किस लिये करें आदि पहलुओं को विस्तार से बताया। डॉ. आर.पी.सिंह ने भी मतदान की उपयोगिता पर प्रकाष डाला। प्राचार्य, डॉ. चित्रा प्रभात ने मतदान की अनिवार्यता और इससे होने वाले समस्त प्रभावों के बारे में अपने विचारों को व्यक्त किया उन्होंने कहा कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देष में मतदान अनिवार्य है इसकी गरिमा हमें बनाये रखनी चाहिए। इस कार्यक्रम में मतदान की अनिवार्यता विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें कुमारी रेनिका सिंह राजपूत बी.एससी. द्वितीय वर्ष तिलक कॉलेज को प्रथम स्थान, कुमारी अंकिता दुबे बी.ए.द्वितीय वर्ष शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद को द्वितीय स्थान, कुमारी अंजली शर्मा बी.एड. प्रथम सेमे. नालंदा बी.एड महाविद्यालय कटनी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इन विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. माधुरी गर्ग ने किया।

**मुख्यमंत्री के आह्वान पर जिले की 1300 आंगनबाड़ियों को गोद ले चुके हैं अधिकारी व जनप्रतिनिधि**

# कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र को गोद लिया



**कटनी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आओ एक आंगनबाड़ी गोद लें का संदेश देते हुए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, उद्योगपतियों से एक-एक आंगनबाड़ी को गोद लेकर उनकी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की योजना प्रारंभ की है। पूरे प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ियों को जनप्रतिनिधि, अधिकारी व अन्य जन गोद ले रहे हैं। इसी कड़ी में जिले में भी संचालित आंगनबाड़ियों को गोद लेने लोग स्वेच्छा से आगे आ रहे हैं। बुधवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने सपत्नीक सुधार न्यास क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 218 को गोद लिया और बच्चों से संवाद भी किया। कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र को गोद लेने के साथ ही केन्द्र में पंजीकृत बच्चों के संबंध में भी अधिकारियों से जानकारी ली। केन्द्र में 70 बच्चे पंजीकृत हैं। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने भी योजना के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 155 को गोद लिया और केन्द्र की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिले में 1712 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं। जिनमें से अभी तक 1300 आंगनबाड़ी केन्द्रों को जिले के जनप्रतिनिधियों, जिला स्तर, विकासखंड स्तर के अधिकारी, उद्योगपतियों व आमजनों ने गोद लिया है और उनके माध्यम से केन्द्रों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले की शत प्रतिशत आंगनबाड़ियों को गोद दिलाने के लिए कार्य किया जा रहा है।

### कन्या शिक्षा परिसर में रिक्त 70 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ


**कटनी।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित विशिष्ट आवासीय संस्था शासकीय कन्या शिक्षा परिसर कटनी जिले में संचालित है। प्राचार्य शासकीय कन्या शिक्षा परिसर कटनी ने बताया कि संस्था में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में कक्षा 6वीं में रिक्त 70 सीटों पर अनुसूचित जनजाति की छात्रायें प्रवेश के लिये ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिये 5 फरवरी 2022 को शाम 5 बजे तक ऑनलाईन आवेदन किये जा सकते हैं। आवेदन करने के लिये छात्राओं को पांचवी कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवर्य है। प्रवेश के लिये ऑनलाईन आवेदन 5 फरवरी की शाम 5 बजे तक किये जा सकते हैं।

mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।




Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
mgm HOSPITAL एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार 45वें दिन की ओर
रोजाना 3 शो ता. 28 से
1,4 एवं सायं 7.30 बजे से




PUSHPA (हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।

नीरज सिनेप्लेक्स में




शानदार 45वें दिन की ओर
रोजाना 3 शो ता. 14 से
दोपहर 12,3 एवं 6 बजे से
PUSHPA
(हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।
टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास-100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

## भूखण्ड/भवन नामांतरण हेतु सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती अर्चना कौशल** निवासी शांति नगर कालोनी कटनी म.प्र. ने शांति नगर कॉलोनी स्थित भवन क्रमांक एम.आई.जी 11 के लीज नामांतरण बावत आवेदन किया है। यह भवन **श्रीमती गोदावरी पाण्डेय** के नाम से आवंटित है। यदि भूखण्ड/भवन का लीज नामांतरण/हस्तांतरण **श्रीमती अर्चना कौशल** के पक्ष में किये जाने पर किसी व्यक्ति/ पारिवारिक सदस्यों/**वित्तीय संस्था/बैंक आदि को** कोई आपत्ति हो तो ठोस प्रमाण के साथ अपनी आपत्ति इस सूचना प्रकाशन के उपरांत 15 दिवस की अवधि के अंदर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर नामांतरण की कार्यवाही आवेदक के पक्ष में कर दी जावेगी। इसके उपरांत कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

संपदा अधिकारी
म.प्र.गृ.नि. एवं अधो.वि. मंडल संभाग, कटनी

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

# कोरोना के खतरे के बावजूद कम नहीं हुआ गणतंत्र पर्व का उल्लास

**शिक्षण संस्थानों से लेकर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों तक रही गणतंत्र दिवस की धूम**

कटनी। कोरोना के खतरे के बावजूद पूरे उत्साह के साथ जिले भर में 73वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए नगर के समस्त शासकीय कार्यालयों, शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थानों, राष्ट्रीय स्मारकों एवं संस्थानों में ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षण संस्थानों में कक्षा पहली से दसवीं तक के विद्यार्थियों की ऑनलाइन उपस्थिति रही। विभिन्न राजनैतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा भी गणतंत्र दिवस पर्व पूरी गरिमा और उल्लास के साथ मनाया गया। शासकीय समारोहों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों को शील्ड एवं पुरस्कार प्रदान किये गये। लोगों ने जल संरक्षण एवं पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया।




## सायना इन्टरनेशनल स्कूल में हर्षोल्लास से मना गणतंत्र पर्व

सायना इन्टरनेशनल स्कूल एवं सायना किड्स स्कूल कटनी में 73 वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सायना के प्राचार्य डॉ.आदित्य कुमार शर्मा, सायना किड्स की प्रधानाध्यापिका डॉ. भारती शर्मा, मैनेजेमेंट प्रतिनिधि ऋषि अरोरा, समन्वयक डॉ. लोकेश कुमार दुबे, कमल सरेचा एवं रीत मोंगा की उपस्थिति में हुआ। अतिथि द्वय ने ध्वजारोहण कर अपने देश के गणतंत्र को सम्मान देते हुए भारत माता की जयघोष की। बच्चों व शिक्षकों द्वारा आनलाइन तैयार किए गए कार्यक्रम को भी आनलाइन देखा गया। जिसमें नृत्य, गायन एवं भाषण की शानदार प्रस्तुतियां थी। कला संकाय के कक्षा 11वीं के छात्र राजीव रत्न गौतम ने अपने उद्बोधन में गणतंत्र के महत्त्व को स्थापित किया। सायना के प्राचार्य डॉ. शर्मा ने अपने आनलाइन संदेश में कहा कि हमने 73 वर्षो के बाद भी अपने तंत्र को उतना मजबूत नहीं किया है जितना होना चाहिए था और उसका कारण हमारे द्वारा अपनाया जा रहा शार्टकट तरीका है। मैं अपने सभी बच्चों से आशा करता हूँ कि वे अपने जीवन में अनुशासन को अवश्य महत्त्व देंगे और भारत के संविधान का सम्मान करते हुए अपने गण के तंत्र की रक्षा करेंगे। आभार प्रदर्शन हैड गर्ल नव्या तिवारी ने किया। जयंत जैन ने विशेष रूप से टेक्नॉलाजी सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। वंदे मातरम के गायन से कार्यक्रम का समापन किया गया । इस अवसर पर सायना की चेयरपर्सन डॉ. निधि पाठक ने अपने संदेश में बच्चों से कहा कि कोरोना महामारी के कारण सोशल डिस्टेंस बनाकर रखते हुए आनलाइन कक्षाओं के माध्यम से निरंतर अध्ययन करते रहा चाहिए। सायना की सचिव एवं पूर्व महापौर श्रीमती निर्मला सत्येन्द्र पाठक, विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक पूर्व मंत्री मप्र शासन, युवा समाजसेवी यश पाठक, समस्त स्टाफ एवं अभिभावकों ने भी गणतंत्र पर्व पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।



## लघु उद्योग भारती ने मनाया गणतंत्र पर्व

लघु उद्योग भारती कटनी इकाई द्वारा 73 वा गणतंत्र दिवस पर बरगवां स्थित इकाई उपाध्यक्ष मुरलीधर रतनानी जय माता राइस एवं दाल मिल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती के जिलध्यक्ष अरूण सोनी, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक अजय श्रीवास्तव, महाप्रबंधक ई गवर्नेंस सौरभ नामदेव उपस्थित रहे। ध्वजारोहण जय माता राइस एवं दाल मिल के वयोवृद्ध कर्मचारी श्रीपाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 50 से भी अधिक उद्यमियों की उपस्थिति रही। ध्वजारोहण उपरांत प्रदेश महामंत्री अरुण सोनी द्वारा प्रदेश इकाई द्वारा उद्योग हित में किए गए प्रयासों एवं प्रदेश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ हुई लघु उद्योग भारती की विशेष बैठक के बारे में सभी को अवगत कराया। महाप्रबंधक अजय श्रीवास्तव द्वारा वर्तमान में सरकार द्वारा चलाई जा रही उद्योग नीतियों से सभी उद्योगपतियों को परिचित कराया। सभा में महाकौशल प्रांत सचिव अनिल वासवानी का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ। इकाई अध्यक्ष हरि सिंह भदौरिया ने सभी उपस्थित अतिथियों एवं उद्योगपतियों का अभार जताया। संचालन इकाई सचिव अमित सिंघई ने किया।

## जिला भाजपा कार्यालय में फहरा तिरंगा



जिला भाजपा कार्यालय में परम्परा अनुसार पूरे उत्साह और उमंग के साथ गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण उपरांत राष्ट्रगान तथा तिरंगे को सलामी दी गई। वरिष्ठ नेताओं ने अपने उदबोधन में कहा कि भाजपा कार्यकर्ता नेशन फस्ट की भावना से काम करता है। हमारे लिए देश की आन बान शान की रक्षा का संकल्प आज के दिन को महान बनाता है। उन्होंने कहा कि देशवासियों के मन मे राष्ट्रवाद का जज्बा पैदा करना हमारा मुख्य धेय है। ध्वजारोहण के पश्चात सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिष्ठान वितरित कर बधाई दीं। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, जिला महामंत्री चेतन हिंदुजा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी, सन्तोष शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष दीपक सोनी, आशा कोहली, गीता गुप्ता, प्रीति सूरी, सुश्री अंकिता तिवारी, सीमा जैन, सुभद्रा सोनी, पार्वती निषाद, सुश्री शमीम बानो, रचना गुप्ता, वरिष्ठ नेता कैलाश जैन, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नवाब खान, यज्ञदत्त मिश्रा, सचिन तिवारी, सुरेंद्र गुप्ता, रमेश सोनी, सतीश पटेल, अहमद बक्श, इमरान फरीदी, गुरदीप कपूर, श्याम निषाद, अनुराग त्रिसोलिया, हनि दुबे आदि भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे।



## कांग्रेस अध्यक्ष ने सुभाष चौक में किया ध्वजारोहण

जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुभाष चौक में जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरांत राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इसके उपरांत जवाहर चौक रुई मंडी में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के संदेश का वाचन किया गया और राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

इसके उपरांत आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 218 में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और बच्चों को मिठाई का वितरण किया गया। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन द्वारा हाउसिंग बोर्ड मार्केट में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में कांग्रेस जन व नागरिक उपस्थित थे।



## विष्णुवेद विद्यालय में ध्वजारोहण

सरस्वती विष्णु वेद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस कार्यक्रम विद्यालय समिति अध्यक्ष राकेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया सर्वप्रथम विद्यालय के संस्थापक विष्णु दत्त शास्त्री का पूजन अर्चन उपरांत राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। व्यवस्थापक राम कुमार दुबे ने अतिथियों का परिचय कराया। इस अवसर पर समिति सदस्य डॉ. बीके तोमर, रूप सिंह राठौर, प्रबुद्ध पुरवार, विनीत मिश्रा, बीडी सिंह, राठौर एवं प्राचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में राष्ट्र के प्रति सजग और समर्पित रहने की बात कही। कोविड.19 के चलते छात्र छात्राओं को गूगल मीट के माध्यम से जोड़कर आयोजन में सम्मिलित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वर्षा बर्मन द्वारा किया गया।



## आम आदमी पार्टी कार्यालय में ध्वजारोहण

आम आदमी पार्टी कार्यालय में गणतंत्र दिवस पर पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अजय आदिवासी ने ध्वजारोहण किया। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा शाल श्रीफल से मुख्य अतिथि का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। उपस्थिति अतिथियों ने गणतंत्र पर्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को 73वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अलका सिंह गौड़, विनोद शर्मा, मनमोल माँगवानी, अफरोज अहमद, गुप्तेश्वर साहू, सुदामा इडनानी, समिमुद्दीन अंसारी, सोनू गट्टानी, अभिषेक बजाज, केतकी सिंग, सुमन रजक, सुनीता सोनी, इशिता सिंह, अशोक कोष्ठा, अरविंद तिवारी आदि साथियों की उपाथिति रही।

## जल संरक्षण एवं पर्यावरण बचाने लिया संकल्प



प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड साई राम चौराहे पर मध्य प्रदेश राज्य महिला आयोग की पूर्व सखी समाज सेविका सविता दुबे ने ध्वजारोहण कर सभी से जल बचाने और पर्यावरण बचाने हेतु आवाहन किया। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान एक ओर जहां हमें अधिकारों से संपन्न करता है वहीं हमें कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक करता है। कार्यक्रम में क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं की उपस्थिति रही। साथ ही क्षेत्र के राम कुमार दुबे, शुभम, गोपाल, सुनील आदिवासी, गुड्डा सिंह, सपना रजक, आयुष वंश दुबे, प्रांजल दुबे सुजाता सविता नामदेव दीपिका दुबे रेखा सिंह राजपूत के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस मौके पर जल संरक्षण हेतु वारिस के पूर्व तालाब में श्रमदान कर जल भंडारण का संकल्प लिया बच्चों के लिए बिस्किट टॉफी वितरित कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

## बारडोली महाविद्यालय में फहरा तिरंगा



बारडोली महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस में ध्वजारोहरण का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण बारडोली महाविद्यालय के संचालक विनोद विलौहा द्वारा किया गया इस अवसर पर बारडोली महाविद्यालय के संरक्षक सुनील उपाध्याय, प्राचार्य डॉ.रागिनी सिंह उपस्थित रहें। कार्यक्रम का प्रारम्भ अतिथी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात मां सरस्वती एवं भारत माता जी की प्रतिमा पर पुष्प माल्यार्पण किया गया। महाविद्यालय के दीनदयाल आडिटोरियम में छात्रों द्वारा देषभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में बारडोली महाविद्यालय डॉ. नैन्सी डायर, राकेश गुप्ता, श्रीमति सनिता जैन, संगीता जाटव, गायत्री मंद्राह,.पवन दाहिया, मनोज प्यासी, दीपा नागदेव, विधि जैन, रजनीष उपाध्याय, लखन साकेत, स्मृति मौर्य, नीतू बर्मन, सोनम बर्मन, आदि समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## स्व सहायता समूहों ने किया ध्वजारोहण, नन्हें मुन्नों ने दी रंगारंग प्रस्तुति



स्वरूप लक्ष्मी स्व सहायता समूह एवं स्वरूप लक्ष्मी महिला समिति सिलाई सेंटर के तत्वाधान में नगर के अनेक स्व सहायता समूहों ने सामुहिक रूप से गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण समारोह का आयोजन हीरागंज स्थित संस्था कार्यालय में किया गया। राजनंदिनी विश्वकर्मा ने सभी को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए गणतंत्र दिवस पर प्रकाश डाला। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व सीता देवी जायसवाल की स्मृति में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गए। मुख्य अतिथि के रूप में सुषमा शिवहरे, मोहिनी जायसवाल, प्रीति गुप्ता, धर्मा चौधरी की उपस्थिति रही। शेफाली कनोजिया, मुस्कान साहू, लक्ष्मी जयसवाल सहित प्रीति स्व सहायता समूह हीरागंज, आशा स्व सहायता समूह की मनीषा विश्वकर्मा, श्वेता स्व सहायता समूह कुठला की ममता गुप्ता, आर्या स्व सहायता समूह प्रेम नगर की सविता साहू, वाहे गुरु स्व सहायता समूह की परमजीत कौर, शीतला स्व सहायता समूह, अंजना स्व सहायता समूह, गुरुकृपा स्व. सहायता समूह, कार्तिक स्व सहायता समूह, सारिका स्व सहायता समूह की अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों की कार्यक्रम में उपस्थिति रही। इस अवसर पर बच्चों के बीच सामूहिक गान, सामूहिक नृत्य, भाषण एवं फैंसी ड्रेस आदि स्पर्धाओं का भी आयोजन किया गया। सभी विजेताओं को पुरुस्कार वितरित किये गये।

## सेक्रेड हार्ट में मनाया गया गणतंत्र दिवस



सेक्रेड हार्ट विद्यालय में 73 वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राजेन्द्र प्रसाद विद्यालय शिक्षा समिति के दिनेश जैन ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय कमेटी के सदस्य सीएम पाण्डे, ईश्वरदास पुरवार, गोपाल दास माहेश्वरी, श्रीकांत गट्टानी, गायत्री जैन की कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के साथ सभी विद्यालय कमेटी सदस्यों का तिलक वंदन और पुष्पगुच्छ से अभिनंदन करके मंचासीन कराया गया। प्राचार्या माधवी बसु ने अपने उद्बोधन में गणतंत्र पर्व पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए देश की उन्नति की कामना की। मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए राष्ट्रगान हुआ।

## बड़वारा कॉलेज में प्राचार्य ने किया ध्वजारोहण



शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्राचार्य डॉ. आर. एस. त्रिपाठी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान के साथ ध्वज को सलामी दी गई। महाविद्यालय स्टाफ के जे. एस. ठाकुर, डॉ. रोशनी पाण्डे, डॉ. रामनरेश वर्मा, रविन्द्र महोत्रबय, संजय बर्मन सहित छात्र छात्राओं की उपस्थित रही। कार्यक्रम में शिक्षकों द्वारा गणतंत्र दिवस पर उदबोधन दिया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के उपरांत छात्रों को मिष्ठान का वितरण किया गया।



## सेनानी शहीद स्मारक एवं संग्रहालय में ध्वजारोहण

स्टेट बैंक मुख्य साखा तिराहे पर स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन कार्यालय में संगठन के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम बृजपुरिया द्वारा गणतंत्र दिवस पर प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया गया। कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने देश भक्ति गीत पर नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के सचिव अरविंद गुप्ता, अजय बर्मन, संदीप पुरवार, गोपाल सिंह, शहनाज बेगम, रानी बानो, पूनम परिहार गायत्री परिहार रुकमणी पांडे, लता खरे, सुमन रजक, राजेश सोनी सुनीता सोनी जवाहर गुप्ता अशोक सोनी पूनम चौधरी जय शक्ति शिवहरे, वीरेंद्र जार अनिल ताम्रकार गिर धारी लालजी स्वर्णकार, बृजेश गुप्ता, परमानंद चतुर्वेदी, ओ पी दुबे,पंडित प्रकाश भोमिया, अनुपम जैन, विनोद छीरोलिया, सेफाली अली, रश्मि पुरवार, शबनम बी, राकेश, गंगा चौधरी तीरथ चौधरी के साथ छात्र-छात्राओं की मौजूदगी रही।

## पुलिस लाइन में कलेक्टर, एसपी ने रोपे पौधे





गणतंत्र दिवस के अवसर पर झिंझरी स्थित पुलिस लाइन में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा व पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने अधिकारियों के साथ पौधे रोपे और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। परिसर में कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के साथ ही जिले के वरिष्ठ अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों ने पौधे रोपे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने इस दौरान कहा कि कोरोना काल में जिस तरह से ऑक्सीजन को लेकर परेशानी सामने आई थी, उसके बाद पौधे रोपकर उनका संरक्षण करना हमारी जिम्मेदारी है ताकि आने वाले समय में हमें इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

इस दौरान अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, एएसपी मनोज केडिया, संयुक्त कलेक्टर साधना परस्ते, डिप्टी कलेक्टर संस्कृति शर्मा, एमआर कोल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।




## शहीद स्मारक में कलेक्टर ने अर्पित की पुष्पांजलि

गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन झिंझरी स्थित अमर जवान शहीद स्मारक पहुंचकर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा व पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने पुष्पांजलि अर्पित की। कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के साथ ही जिला स्तरीय अधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर देश के शहीदों को याद किया। शहीद स्मारक का गणतंत्र दिवस से पूर्व कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देश पर जीर्णोद्धार कराया गया था। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे, अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, एएसपी मनोज केडिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# मिशन चौक में फेरी वाले की नृशंस हत्या

## आरोपियों का सुराग नहीं, संदिग्धों से पूछताछ में जुटी पुलिस



**कटनी।** कोतवाली के मिशन चौक क्षेत्र में मरही माता मंदिर के पास किराए के कमरे के अंदर 55 वर्षीय प्रौढ़ फेरीवाले की नृशंस हत्या के मामले में अब तक पुलिस आरोपियों के संबंध में सुराग नहीं लगा पाई है। यह बात और है कि पुलिस फेरीवाले के साथ उठने बैठने वालों सहित क्षेत्र के कुछ संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह के मुताबिक पुलिस मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल भी खंगाल रही है। श्री सिंह का कहना है कि पुलिस शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का पर्दाफाश करेगी। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के सीतापुर शहर निवासी 55 वर्षीय नूर मोहम्मद मिशन चौक में मरही माता मंदिर के पास नुरूलहक के मकान में किराए का कमरा लेकर रहता था तथा शहर सहित आसपास फेरी लगाकर कपड़े बेचने का काम करता था। गतदिवस नूर मोहम्मद की किराए के कमरे के अंदर ही अज्ञात लोगों द्धारा धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। हत्या की जानकारी लगने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई तथा भारी संख्या में भीड़ मकान के पास एकत्रित हो गई। उधर सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पंचनामा कार्रवाई के बाद लाश को परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। जहां आज सुबह शवपरीक्षण के बाद शव उत्तरप्रदेश से आए परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बताया जाता है कि नुरू मोहम्मद दस साल से ज्यादा रहकर फेरी का काम करता था। वह किराए के कमरे में अकेले रहता था। हत्या की इस वारदात को किसने अंजाम दिया और इसके सुराग लगाने की कोशिश पुलिस कर रही है। हत्या में प्रयुक्त हथियार भी नहीं मिला है। कोतवाली टीआई अजय बहादुर सिंह ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## स्वास्थ्य विभाग के डाटा एंट्री ऑपरेटर की मौत

# पन्ना मोड़ के पास बाइक डिवाइडर से टकराई



जीवित अवस्था का चित्र

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत पन्ना मोड़ के समीप घटित एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्वास्थ्य विभाग के डाटा एंट्री आपरेटर की मौत हो गई। मृतक 27 वर्षीय ओम प्रकाश पिता चंद्रभान पटल पड़ोसी जिला सतना के अमदरा थाना अंतर्गत ग्राम खमरिया का रहने वाला था तथा मोटर सायकल से रोज कटनी आकर स्वास्थ्य विभाग में डाटा एंट्री आपरेटर की नौकरी करता था। बताया जाता है कि गतदिवस ओमप्रकाश नौकरी करने के बाद रोज की तरह मोटर सायकल क्रमांक एम.पी.21एमएच-9187 से वापस घर लौट रहा था। उसीदौरान पन्ना मोड़ के समीप तेज रफ्तार मोटर सायकल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसके कारण बाइक सवार ओमप्रकाश पटेल बुरी तरह घायल हो गया। उसे तत्काल जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां उपचार दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 6 साल से फरार वारंटी गिरफ्तार

**उमरियापान।** उमरियापान पुलिस ने बीते 6 सालों से फरार चल रहे एक वारंटी को जबलपुर जिले से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी गणेश प्रसाद विश्वकर्मा ने बताया कि सिहोरा थाना क्षेत्र के रिवझा निवासी 45 वर्षीय शिवकुमार चौधरी एक प्रकरण में बीते 6 सालों से फरार चल रहा था। गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने फरार वारंटी को गिरफ्तार कर कार्रवाई के बाद ढीमरखेड़ा न्यायालय में पेश किया है।

# नर्मदा एक्सप्रेस एक-एक ट्रिप के लिए निरस्त



**कटनी।** बिलासपुर-कटनी रेलखंड पर उसलापुर-घुटकू के बीच एलसी गेट बीके-6 को बदलने का कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण इस रेलखंड पर कटनी साउथ स्टेशन होकर चलने वाली बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस को एक-एक ट्रिप के लिए रद्द करने का निर्णय रेलवे के द्धारा लिया गया है। बताया जाता है कि गेट की सीमित ऊंचाई सब वे (एलएचएस) के प्री कॉस्ट आरसीसी बॉक्स की लांचिंग के लिए कल 30 जनवरी को पॉवर एवं ट्रैफिक ब्लॉक लिया गया है। जिसके परिणाम स्वरूप नर्मदा एक्सप्रेस ट्रेन को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 18233 इंदौर से बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस को 29 जनवरी और वापसी में गाड़ी संख्या 18234 बिलासपुर से इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस 30 जनवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

# पहिए में साड़ी फंसने से बाइक पलटी

## पति-पत्नी सहित दो पुत्रियां घायल





**कटनी।** बाइक सवार महिला की साड़ी बाइक के पहिये में फसने से बाइक सवार एक ही परिवार के चार लोग सड़क पर गिर गए। घटना में बाइक सवार पति-पत्नी और दो पुत्रियों को चोटें आई हैं। घटना ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के सिवनी गांव की है। हासिल जानकारी के मुताबिक दादरसिहुड़ी निवासी 40 वर्षीय शिवराज सिंह अपनी पत्नी 38 वर्षीय पूनम बाई के साथ अपनी पुत्री 13 वर्षीय शालिनी और इशिका करीब 1 वर्ष को ढीमरखेड़ा से बाइक में लेकर गांव जा रहा था। इस दौरान पूनम बाई की साड़ी बाइक के पहिये पर लिपटकर फस गई और बाइक सवार सभी लोग बाइक सहित सड़क पर नीचे गिर गए। घटना में सभी को चोटें आई हैं। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने डायल 100 पुलिस को दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डायल 100 पुलिस वाहन से चारों को उमरियापान अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहा से डॉक्टर ने शिवराज सिंह और उसकी पुत्री शालिनी को जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया है। पूनम बाई और छोटी पुत्री का उपचार उमरियापान अस्पताल में जारी है।

# सड़क पर विक्षिप्त युवक की मौत

## मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी पुलिस

**कटनी।** उमरियापान थाना क्षेत्र के परसवारा गांव में गुरुवार शाम को एक विक्षिप्त युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद युवक की लाश को पोस्टमार्टम के लिए उमरियापान अस्पताल भेजा है। शुक्रवार को युवक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी गणेश प्रसाद विश्वकर्मा ने बताया कि स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के खुडावल निवासी 29 वर्षीय निर्भय सिंह मानसिक रूप से विक्षिप्त था। जो बीते कुछ दिनों से अपनी बहन के यहां उमरियापन थाना क्षेत्र के करौंदी गांव में रहता था। गुरुवार को युवक के पिता बाइक से उसे गांव लेकर जा रहे थे। इसी दौरान युवक उमरियापान के परसवारा गांव में उतर गया। युवक के परिजन बन्द वाहन को व्यवस्था कर लौटते उसके पहले विक्षिप्त युवक ने सड़क पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस मार्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है।

# मानिकपुर-कटनी-इटारसी के बीच विद्युतीकरण के बाद रेलवे में कम हुई डीजल की खपत

## पमरे को होने लगी लगभग 600 करोड़ की बचत, कटनी-सिंगरौली रेलखंड के विद्युतीकरण के बाद डीजल की खपत में आएगी और कमी





**कटनी।** पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत कटनी-सतना-मानिकपुर व कटनी-जबलपुर-इटारसी रेलखंड पर विघुतीकरण का कार्य पूर्ण होने के बाद जाने के बाद डीजल इंजनों के उपयोग में आने वाले एचएसडी ऑयल (डीजल) में भारी कमी आयी है। साथ ही इलेक्ट्रिक इंजनों की उपयोगिता में वृद्धि और डीजल इंजनों की उपयोगिता में कमी हुई। इसके अलावा रेलवे के द्धारा क्रू बिट्स और लोकों लिंक को इलेक्ट्रिक इंजनों का उपयोग किया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेल के द्धारा अब ट्रैक्शन और नॉन ट्रैक्शन में एचएसडी ऑयल (डीजल) का उपयोग किया जा रहा है।

रेलसूत्रों की माने तो कटनी-मानिकपुर व कटनी-इटारसी रेलखंड के बाद अब कटनी-सिंगरौली रेलखंड पर भी विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण हो जाता है तो डीजल की खपत में और कमी आएगी। गौरतलब है कि भारतीय रेल पर हरित पहल के अंतर्गत डीजल ईंधन की खपत से ऊर्जा को बचाने के लिए अत्यधिक कार्य कर रही है। इसी तारतम्य में भारतीय रेल के सभी जोनल रेलवे पर अधिक से अधिक रेलखण्डों में विघुतिकरण का कार्य तेज प्रगति पर है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल भारतीय रेल पर पूर्ण विघुतीकृत होने वाला पहला जोन है। जिसके कारण एचएसडी ऑयल (डीजल) की खपत में पश्चिम मध्य रेल में भारी कमी हुई है। पश्चिम मध्य रेल, भारतीय रेलवे पर ईंधन खपत करने को कम करने में सर्वश्रेष्ठ रहा है। अर्थात पूरे भारतीय रेल में डीजल खपत की कमी में सबसे अधिक कमी आई है।

### ट्रैक्शन में डीजल की खपत

पमरे ने डीजल इंजनों में वर्ष 2019-20 में अप्रैल से दिसंबर माह तक एचएसडी ऑयल (डीजल) 1,00000 किलोलिटर और वर्ष 2021-22 में अपैल से दिसंबर माह तक एचएसडी ऑयल 27,000 किलोलिटर उपयोग कर खपत किया गया है जो कि पूर्व की तुलना में 73,000 किलोलिटर की भारी कमी हुई है। जिससे पमरे ने डीजल ईंधन खपत से लगभग रुपये 584 करोड़ की बचत है।

### नॉन ट्रैक्शन में डीजल की खपत

पमरे में नॉन ट्रैक्शनों जैसे डीजी सेट्स, एलएचबी कोचों, वर्कशॉप एवं शेड, ट्रैक मशीनों, एलसी गेटों एवं छोटे स्टेशनों पर एचएसडी ऑयल (डीजल) की उपयोगिता में कमी हुई है। पमरे ने नॉन ट्रैक्शन के अंतर्गत वर्ष 2019-20 में अप्रैल से दिसंबर माह तक एचएसडी ऑयल (डीजल) 2000 किलोलिटर और वर्ष 2021-22 में अपैल से दिसंबर माह तक एचएसडी ऑयल 800 किलोलिटर उपयोग किया गया है जो कि पूर्व की तुलना में 1200 किलोलिटर की कमी हुई है। इसमें भी पमरे ने डीजल ईंधन खपत में लगभग 10 करोड़ रुपये की बचत हुई। इस प्रकार पश्चिम मध्य रेल के द्धारा भारतीय रेल के सभी जोनल रेलवे से सबसे कम हाई स्पीड डीजल ईंधन की खपत करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया गया। इस अच्छे कार्यप्रणाली में पमरे के इलेक्ट्रिकल, एकाउंट एवं मेकेनिकल विभागों द्वारा सराहनीय कदम उठाए गए हैं। पमरे में डीजल पर होने वाले खर्च में कमी होने से प्रदूषण कम होगा और साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण में वृद्धि और वातावरण अनुकूल बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

# जेल भेजे गए तेंदुए के शिकारी

## धनवाही के जंगल में मिला था अवयस्क मादा तेंदुए का शव

**कटनी।** धनवाही के जंगल में अवयस्क मादा तेंदुए का शिकार करने वाले चार आरोपियों को न्यायालय ने शुक्रवार को जेल भेज दिया है। वन विभाग के अमले की पूछताछ में आरोपियों ने उनके द्वरा लगाये गए फंदे में फंसे तेंदुए को लाठी डंडे से मारपीट की गई। तेंदुए की मौत होने के बाद उसे जंगल में फेंककर झाड़ियों से ढका गया। आरोपियों की निशानदेही पर वन अमले ने घटना में उपयुक्त औजार सहित अन्य सामग्री को भी जप्त किया है। ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी आर थिरुकुरल व विशेष कर्तव्य वन क्षेत्रपाल अजय मिश्रा ने बताया ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र के धनवाही बीट के कक्ष क्रमांक पीएफ330 में बीते मंगलवार रात को एक अवयस्क मादा तेंदुए का शव मृत अवस्था में मिलने के बाद डीएफओ रमेशचंद्र विश्वकर्मा और एसडीओ राहुल मिश्रा मौके पर पहुंचे। संबंधित क्षेत्र को सील किया।दूसरे दिन बुधवार को जबलपुर से डॉग स्क्वायड की टीम बुलाकर रेस्क्यू किया। जिसके बाद आधा दर्जन से अधिक संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई। चार दिनों तक चली कार्रवाई के बाद वन विभाग के अमले ने मंगेली गांव के छकौड़ी पटेल, रवि यादव, संतोष और कालू उर्फ अमेरसिंह को गिरफ्तार किया है। तेंदुए का शिकार करना कबूल ने पर वन विभाग ने सभी आरोपियों के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9,39,48ए,51,52 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई किया है। कार्रवाई के दौरान एसडीओ राहुल मिश्रा, ढीमरखेड़ा रेंजर आईएफएस, आर थिरुकुरल, विशेष कर्तव्य वन क्षेत्रपाल अजय मिश्रा, प्रशिक्षु रेंजर वर्षा सिंह बिसेन, परिक्षेत्र सहायक मोहम्मद खालिक, राजेश सोनी सहित अन्य वनकर्मी शामिल रहे।


**JOB OPENING**
Requirement/skills
1. Tally, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
**The Dinesh Goods Transport Co.**
**Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni m.p.**
**For Application**
Contact- Ayush Jain
**Mo. 8989020207**

**बेचना है**
द्वारका सिटी, बरगवां कटनी में पानी की टंकी के पास मकान नं. 236, 237 बेचना है। प्रत्येक 480 वर्गफुट का स्वतंत्र मकान छत सहित। एक कमरा, किचिन, लेटबाथ, के साथ बरामदा (क्लोज) तत्काल बेचना है। शीघ्र संपर्क करें-
**मो. 9977761441 9425859026**

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
**डॉ. स्मिता बजाज**
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

ROYAL VINTAGE
for Bride-Groom Entry & Auspicious Program
Hire Vintage Car for Wedding
**Vintage Car Rent**





Contact us @ Katni : Mr. Ajay 9754005830, 957579008

**देवपद** स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टैनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274


**न्यायालय नायब तहसीलदार मुड़वारा-2 कटनी नगर जिला कटनी**

क्रं./ 403/ना. तह. मुड़./प्रवा./2022 — कटनी दिनांक- 27/01/2022

**इश्तहार/सूचना**

प्रति,

रतनलाल, सुरेश कुमार, महेश कुमार, आशा बाई, बेबी वल्द बाबूलाल, सुहद्रा बाई पत्नी स्व. बाबूलाल, विक्की, निक्की वल्द रमेश, ओमवती बाई पत्नी स्व. मदनलाल, राजेश, राहुल, रश्मि, पूनम वल्द मदनलाल सभी निवासी जुहला, कटनी

उक्त विक्रेतागण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अभिलाष दीक्षित पिता स्व. पदम दीक्षित, निवासी सावरकर वार्ड कटनी के द्वारा मौजा ग्राम जुहला प.ह.नं. 27 स्थित भूमि खसरा नं. 560/1 रकवा 0.01 हेक्टेयर में से 0.009 हेक्टेयर अर्थात 1000 वर्गफुट भूमि का क्रय किये जाने के कारण नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त वाद भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति/जनप्रतिनिधि या संस्था एवं बैंक आदि को कोई आपत्ति हो तो स्वयं या अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति/आक्षेप पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जाएगा। आज दिनांक- 20/01/22 को मेरे द्वारा हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

जारी दिनांक- 20/01/2022
पेशी दिनांक- 04/02/2022

नायब तहसीलदार मुड़वारा-2


रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था





पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR, Reliance digital, TRENDS, PLANET FASHION, U-TURN, BOLSA, GALAXY, CITY PRIDE Cinema, Food Junction, HOTEL GRAND MERIDIAN, FLAVOURS, GRAVITY
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P) Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)